प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा में कहा– निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है भारत।
2. प्रधानमंत्री कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को देंगे तनाव मुक्त रहने का मंत्र : आकाशवाणी, दूरदर्शन समेत अन्य प्लेटफार्म पर सुबह 10 बजे प्रसारित होगा कार्यक्रम।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मांझे की चपेट में आने से मौत होने पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश : सभी जिलों में अभियान चलाकर की जायेगी छापेमारी।

और

4. नौ फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र : 11 फरवरी को पेश किया जाएगा बजट।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार है और निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ आत्मविश्वास से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की

ओर अग्रसर है। आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सुधार, प्रदर्शन और रूपांतरण की दृष्टि से आगे बढ़ रही है और देश सुधार की राह पर आगे बढ़ रहा है। बाइट.....

*भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही है, उन चुनौतियों का समाधान देने वाला एक देश आशा की किरण बना हुआ है और हम समाधान दे रहे हैं। आज मेजर इकोनॉमी में भारत का ग्रोथ बहुत हाई है और हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन यह बहुत ही यूनिक संयोग है और यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है।*

श्री मोदी ने कहा कि विश्व तेजी से एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर अग्रसर है और भारत कई देशों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं के कारण विश्व उम्मीद भरी नज़रो से भारत की ओर देख रहा है। बाइट.....

*जिस प्रकार से विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और उसमें भी विश्व भारत के टैलेंट का महत्व समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण टैलेंट फुल है। युवा टैलेंट फुल है जिसके पास सपने भी हैं, संकल्प भी हैं, सामर्थ्य भी हैं।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से कल प्रसारित होने वाले विशेष कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा देखने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम क माध्यम से छात्र– छात्राआ से संवाद कर उन्हें परीक्षाओं के दौरान तनावमुक्त रहने का मंत्र देते हैं। राज्य के विभिन्न

जनपदों में छात्रों को यह कार्यक्रम दिखाने के लिए विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। अमरोहा की छात्रा नव्या चौधरी ने परीक्षा के समय सकारात्मक दिशा दिखाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट.....

*परीक्षा पर चर्चा जो कार्यक्रम है वह हर साल आयोजित किया जाता है जिसे बच्चे कैसे परीक्षा को डर नहीं बल्कि आत्मविश्वास के साथ दें और जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगी कि वह बच्चों की भावनाओं को समझते हैं और उन्हें सरल मार्गदर्शन प्रदान करवाते हैं।*

इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री के यूट्यूब चनल, आकाशवाणी ,दूरदर्शन, शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेव्स, ओटीटी और कई निजी मीडिया प्लेटफार्म्स पर किया जाएगा। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए देश भर के स्कूलों में छात्र–केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में लगभग 4 करोड़ 81 लाख छात्रों ने भाग लिया।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में चीनी मांझे से एक युवक की गर्दन कटने से हुई मौत की घटना का संज्ञान लेते हुए इस पर लगे प्रतिबंध को कड़ाई के साथ लागू करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मांझे की चपेट में आने से मौत होने पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने का भी आदेश दिया है। श्री योगी ने पुलिस अधिकारियों को

प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर छापेमारी और अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि कल शाम लखनऊ के हैदरगंज इलाके में बाइक से जा रहे एक युवक के गले में अचानक चीनी मांझा फंसने से गर्दन की नसें कट गयी। राहगीरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

वहीं मेरठ ज़ोन के एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री के लिये अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जा रही है। बाइट.....

*जो अभियान चल रहे हैं चाइनीज मांझा के ऊपर उसमें माननीय मुख्यमंत्री जी के भी निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। शासन के भी निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसमें जहां–जहां हम लोगों को चाइनीज मांझा मिल रहा है। उन सभी केसेस में हम लोग एफआईआर लिख रहे हैं और साथ में वह पता कर रहे हैं कि बेचा कहां से गया है? बेचने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ–साथ जो उस तरह की पतंग उड़ा रहा है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी व राज्य फोकस पेपर 2026–27 के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस ने प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफपीओ, सहकारिता और एमएसएमई

सेक्टर में मजबूती के परिणाम स्वरूप आज प्रदेश आठवें स्थान से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। बाइट.....

*जो यूपी बीमारू राज्य था आज वह देश का रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के साथ ही भारत की इकोनॉमी का ब्रेक थ्रू बन करके भारत की इकोनॉमी को एक मजबूती प्रदान कर रहा है। यूपी के अंदर 16 में प्रति व्यक्ति आए 43,000 थी। आज यह बढ़कर के 1,20,000 तक पहुंची है। फिस्कल डेफिसिट 3ः से कम है यूपी का और यूपी गत 5 वर्ष से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने आप को स्थापित किया है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से शुरू होगा। 20 फरवरी तक चलने वाले इस सत्र में 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। विधानमंडल सत्र को लेकर तिथिवार कार्यक्रम जारीकर दिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट......

*आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नौ फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, जिसमें दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कुछ अध्यादेश और विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे। 10 फरवरी को सदन में निधन की सूचना दी जाएगी। 11 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना विधान सभा में बजट प्रस्तुतकरेंगे। 13 फरवरी तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चलेगी। 16 फरवरी से 20 फरवरी तक बजट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सत्र के अंतिम दिन सदन स्थगित होने से पहले उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक पारित कराया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा–2026 की कल जारी अधिसूचना में पहले से सिविल सेवाओं में कार्यरतउम्मीदवारों की पात्रता और प्रयासों से जुडे नियमों को अधिक स्पष्ट और विस्तृत रूप में निर्धारित किया है। संशोधित नियम, विशेष रूप से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा और ग्रुप–ए की अन्य सेवाओं पर केन्द्रित है। ये नियम स्पष्ट करते हैं कि किन चरणों पर ऐस उम्मीदवारों को पुनः परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी या नहीं। सिविल सेवा परीक्षा–2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन– upsc.gov.in पर शुरू हो चुके हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 फरवरी है।

*अधिसूचना के अनुसार जो उम्मीदवार पूर्व में किसी परीक्षा के माध्यम से भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में कार्यरत हैं, वे सिविल सेवा परीक्षा–2026 के लिए पात्र नहीं होंगे। अगर कोई उम्मीदवार सिविल सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा–2026 में उत्तीर्ण होने के बाद लेकिन मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में*

*नियुक्ति प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर नियुक्ति मुख्य परीक्षा शुरू होने के बाद लेकिन अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले होती है तो उम्मीदवार पर सिविल सेवा परीक्षा–2026 के माध्यम से किसी सेवा के लिए विचार नहीं किया जाएगा। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।*

————————————

बाराबंकी जिले में महाशिवरात्रि पर श्रीलोधेश्वर महादेव में लगने वाले फाल्गुनी मेल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको लेकर जनपद में आज से 16 फरवरी  तक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। इस दौरान भारी एवं हल्के वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं, जिससे आवागमन सुचारू बना रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्त, पिकेट, मोबाइल ड्यूटी और पीआरवी वाहन भी तैनात किए गए हैं।

(समाप्त)